www.prepp.in

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन आर पी एफ - ०२/२०२४ - CEN RPF - 02/2024

Prepp
Your Personal Exams Guide

| | |
|---|---|
| Exam Date | 11/03/2025 |
| Centre Name | |
| Exam Time | 9:00 AM - 10:30 AM |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Arithmetic**

**Q.1** एक व्यक्ति एक यात्रा 13 घंटे में पूरी कर सकता है। वह यात्रा का पहला एक-तिहाई भाग 24 km/h की चाल से और शेष दूरी 60 km/h की चाल से तय करता है। उसकी यात्रा की कुल दूरी कितनी है?

**Ans**
- ✗ 1. 525 km
- ✗ 2. 516 km
- ✓ 3. 520 km
- ✗ 4. 513 km

**Q.2** X ने ₹m की धनराशि 10% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 4 वर्ष के लिए निवेश की, और Y ने X से ₹2,000 अधिक की धनराशि 20% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर 2 वर्ष के लिए निवेश की। X और Y द्वारा प्राप्त ब्याज का अनुपात क्रमशः 10 : 33 है। X का निवेश ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. ₹4,000
- ✗ 2. ₹2,000
- ✓ 3. ₹1000
- ✗ 4. ₹3,000

**Q.3** दीपक के वेतन में 12% की वृद्धि हुई। उसका नया वेतन ₹76,720 है। वेतन वृद्धि से पूर्व उसका वेतन कितना था?

**Ans**
- ✗ 1. ₹69,000
- ✓ 2. ₹68,500
- ✗ 3. ₹69,300
- ✗ 4. ₹68,850

**Q.4** 2021 में एक शहर में 1,60,000 निवासी थे। शहर की जनसंख्या 5% वार्षिक की दर से घट जाती है। 2024 में इसकी जनसंख्या कितनी होगी?

**Ans**
- ✗ 1. 1,00,000
- ✗ 2. 1,16,640
- ✓ 3. 1,37,180
- ✗ 4. 99,000

**Q.5** तीन कर्मचारी, X, Y और Z, किसी काम को क्रमशः 6 दिन, 9 दिन और 18 दिन में पूरा कर सकते हैं। यदि वे सभी एक साथ काम करें तो उन्हें काम पूरा करने में कितना समय लगेगा?

**Ans**
- ✓ 1. 3 दिन
- ✗ 2. 11 दिन
- ✗ 3. 7 दिन
- ✗ 4. 15 दिन

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.6 प्रथम 114 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 115.5
2. 115
3. 116
4. 114.5

Q.7 एक संख्या में 50 % की वृद्धि करने पर 2610 प्राप्त होता है। वह संख्या ________ है।

Ans
1. 870
2. 1740
3. 5220
4. 3480

Q.8 $\left(\frac{1}{3}\right)^{-3} + \left(\frac{1}{9}\right)^{-3} + \left(\frac{1}{4}\right)^{-3}$. का मान ज्ञात करें।

Ans
1. 814
2. 820
3. 823
4. 824

Q.9 एक दौड़ में, एक एथलीट पहले चक्कर में 336 m की दूरी 168 सेकंड में तय करता है। वह समान लंबाई का दूसरा चक्कर 56 सेकंड में तय करता है। एथलीट की औसत चाल (m/s में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 10
2. 3
3. 12
4. 1

Q.10 एक घनाभ का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल 174 $cm^2$ है। यदि इसकी लंबाई और चौड़ाई क्रमशः 3 cm और 5 cm है, तो इसकी लंबाई और ऊंचाई का अनुपात कितना है?

Ans
1. 1 : 4
2. 1 : 3
3. 2 : 3
4. 1 : 2

Q.11 कृष किसी कार्य को 3 घंटे में कर सकता है। मोक्ष उस कार्य को 24 घंटे में कर सकता है। नितिन की सहायता से उन्होंने 2 घंटे में कार्य पूरा कर लिया। नितिन अकेले उस कार्य को कितने घंटे में पूरा कर सकता है?

Ans
1. 7
2. 10
3. 9
4. 8

Q.12 3.1 cm भुजा वाले एक समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $(3.4325)\ cm^2$
2. $(2.3025)\sqrt{3}\ cm^2$
3. $(2.4025)\sqrt{3}\ cm^2$
4. $(4.4325)\ cm^2$

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.13 रमेश ने एक पुराना टाइपराइटर ₹4,800 में खरीदा और उसकी मरम्मत पर ₹700 खर्च किए। उसने उस टाइपराइटर को ₹6,200 में बेच दिया। उसका लाभ प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक मान) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 12.09%
2. 10.23%
3. 12.73% ✔
4. 11.33%

Q.14 दो मित्रों सचिनऔर चेतन की मासिक आय क्रमशः 5:7 के अनुपात में है और इनमें से प्रत्येक ₹96000 प्रति माह बचाता है। यदि इनके मासिक व्यय का अनुपात 2:3 है, तो सचिन की मासिक आय (₹ में) ज्ञात करें।

Ans
1. 479000
2. 480000 ✔
3. 481000
4. 672000

Q.15 44 और 11 का माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 24
2. 25
3. 19
4. 22 ✔

Q.16 अजरख साड़ी का अंकित मूल्य ₹3,600 है। फेस्टिव सीजन सेल के दौरान, इसे ₹3,150 में बेचा जाता है। छूट प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 10%
2. 12.5% ✔
3. 11%
4. 13.5%

Q.17 8 पुरुष एक कार्य को 12 दिनों में पूरा कर सकते हैं जबकि 4 महिलाएं उसी कार्य 16 दिनों में पूरा कर सकती हैं। 8 महिलाएं और 4 पुरुष इसे कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं?

Ans
1. 6 दिन ✔
2. 11 दिन
3. 9 दिन
4. 7 दिन

Q.18 एक कक्षा में 14 विद्यार्थियों के अंकों का औसत 60 है। यदि प्रत्येक विद्यार्थी के अंक दोगुने कर दिए जाएं, तो नया औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 28
2. 14
3. 120 ✔
4. 60

Q.19 एक उबर ऑटो 46 घंटे में 322 km की दूरी तय करता है। इसकी चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 9
2. 2
3. 7 ✔
4. 11

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.20 एक व्यापारी 120 m कपड़ा बेचता है और 27 m कपड़े के विक्रय मूल्य के बराबर लाभ प्राप्त करता है। लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित)।

Ans
✔ 1. 29%
✗ 2. 26%
✗ 3. 32%
✗ 4. 30%

Q.21 $\left(\frac{4096}{9}\right)^{-\left(\frac{3}{2}\right)} \times \left(\frac{4}{3}\right)^{3} \div \sqrt[4]{(256)^{-3}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. $\frac{1}{54}$
✗ 2. $\frac{1}{56}$
✗ 3. $\frac{1}{58}$
✔ 4. $\frac{1}{64}$

Q.22 चेतन ने एक दुकान से ₹1125 में 52 किताबें खरीदीं और दूसरी दुकान से ₹925 में 48 किताबें खरीदीं। प्रति किताब के लिए उसके द्वारा भुगतान किया गया औसत मूल्य (₹ में) कितना है?

Ans
✗ 1. 23.5
✔ 2. 20.5
✗ 3. 21.5
✗ 4. 22.5

Q.23 सरल करें:
$18 \text{ x } \left(12 \text{ x } (1^{2})\right) \div 3 + 20 - 84$

Ans
✗ 1. 14
✗ 2. 18
✗ 3. 2
✔ 4. 8

Q.24 ₹10 प्रति kg वाली चीनी को ₹86 प्रति kg वाली चीनी के साथ किस अनुपात में मिलाया जाना चाहिए ताकि मिश्रण को ₹83.2 प्रति kg पर बेचने पर 30% का लाभ हो?

Ans
✗ 1. 56 : 24
✗ 2. 55 : 23
✔ 3. 22 : 54
✗ 4. 53 : 23

Q.25 10% वार्षिक साधारण ब्याज पर निवेश करने पर, एक राशि 2 वर्ष बाद ₹4800 हो जाती है। समान राशि पर समान ब्याज दर से 2 वर्ष का साधारण ब्याज (₹ में) कितना होगा?

Ans
✗ 1. 1600
✔ 2. 800
✗ 3. 3200
✗ 4. 400

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.26 एक जैकेट का अंकित मूल्य ₹3,000 है। एक दुकान इसपर 10% की छूट देती है, लेकिन सेल के दौरान, पहले की छूट वाले मूल्य पर 5% की अतिरिक्त छूट देती है। दोनों छूटों के बाद जैकेट का अंतिम मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹2,550
2. ₹2,565 ✔
3. ₹2,700
4. ₹2,400

Q.27 $97^{83} - 1$ को 96 से विभाजित करने पर क्या शेषफल बचेगा?

Ans
1. 0 ✔
2. 1
3. 2
4. 3

Q.28 रितिका और अनिमेष की आयु का अनुपात क्रमशः 7 : 9 है। 6 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात 4 : 5 हो जाता है। उनकी वर्तमान आयु में कितना अंतर है?

Ans
1. 24
2. 26
3. 12 ✔
4. 7

Q.29 एक ट्रैफिक सिग्नल पर, नियमित अंतराल पर एक लाल बत्ती प्रति मिनट दो बार चमकती है और एक हरी बत्ती पाँच मिनट में छह बार चमकती है। यदि दोनों बत्तियाँ एक ही समय पर चमकना शुरू करती हैं, तो वे प्रत्येक घंटे में वे एक साथ कितनी बार चमकती हैं?

Ans
1. 20
2. 28
3. 24 ✔
4. 2

Q.30 ₹24 प्रति kg वाली चीनी को ₹47 प्रति kg वाली चीनी के साथ किस अनुपात में मिलाया जाना चाहिए ताकि मिश्रण को ₹42.9 प्रति kg पर बेचने पर 30% का लाभ हो?

Ans
1. 10 : 13
2. 8 : 15
3. 14 : 9 ✔
4. 7 : 15

Q.31 28, 38 और 68 का HCF ज्ञात करें।

Ans
1. 2 ✔
2. 8
3. 4
4. 12

Q.32 यदि $\frac{188}{0.0188} = \frac{18.8}{x}$ है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $\frac{188}{100000}$ ✔
2. $\frac{18.8}{100000}$
3. $\frac{0.188}{1000}$
4. $\frac{1.88}{100000}$

prepp
Your Personal Exams Guide

Q.33 एक बेलनाकार छड़ का बाह्य वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 4500 $cm^2$ है। यदि छड़ की लंबाई 62 cm है, तो छड़ की बाह्य त्रिज्या (cm में) दशमलव के दो स्थानों तक ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

Ans
1. 11.12
2. 13.22
3. 11.63
4. 11.55 ✔

Q.34 दिए गए व्यंजक का मान ज्ञात कीजिए।

$45 \times \frac{3}{5} \div \frac{0.3}{2.5}$

Ans
1. 2250
2. 22.5
3. 2.25
4. 225 ✔

Q.35 ईशान को 21 घंटे में 737 km दूर कोलकाता पहुँचना है। 7 घंटे तक उसकी प्रारंभिक चाल 49 km/hr थी। अगले 184 km तक उसकी चाल 46 km/hr थी। 21 घंटे के निर्धारित समय में कोलकाता पहुँचने के लिए उसे अब किस चाल से यात्रा करनी होगी?

Ans
1. 23 km/hr
2. 17 km/hr
3. 18 km/hr
4. 21 km/hr ✔

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.36 सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। G और F के बीच केवल पाँच व्यक्ति बैठे हैं। A के दाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। C, A के बाईं ओर लेकिन D के दाईं ओर बैठा है। E, B के दाईं ओर लेकिन G के बाईं ओर बैठा है।
B के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. तीन
2. एक
3. दो ✔
4. चार

Q.37 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) # / 4 6 3 + 9 8 9 # 1 * 6 ? # / 7 # * 4 9 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या तथा ठीक बाद एक अन्य प्रतीक है?

Ans
1. एक
2. तीन
3. दो ✔
4. एक भी नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.38 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसमें त्रिक समान तर्क का अनुसरण करता है।

ROAD - OADR - RADO
HALO - ALOH - HLOA

Ans
✗ 1. SAME - AMSE - SMAE
✓ 2. WALE - ALEW - WLEA
✗ 3. TEAR - EART - TAER
✗ 4. MEAN - NEAM - NAEM

Q.39 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एक-समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह, अक्षर समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. QUO
✗ 2. MQK
✓ 3. MLE
✗ 4. OSM

Q.40 यदि A का अर्थ '+' है, B का अर्थ '−' है, C का अर्थ '×' है और D का अर्थ '÷' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

8 D 4 C 6 D 2 B 6 A 2 = ?

Ans
✗ 1. 8
✗ 2. 20
✓ 3. 2
✗ 4. 14

Q.41 मिस्टर Tqr बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करते हुए दक्षिण की ओर 19 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं और 31 km ड्राइव करते हैं और फिर दाएं मुड़ते हैं और 5 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं और 8 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं और 5 km ड्राइव करते हैं और फिर बाएं मुड़ते हैं और 14 km ड्राइव करते हैं। वह अंत में बाएं मुड़ते हैं और 19 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✓ 1. 9 km पूर्व की ओर
✗ 2. 9 km उत्तर की ओर
✗ 3. 9 km दक्षिण की ओर
✗ 4. 9 km पश्चिम की ओर

Q.42 L, M, N, O, P, Q और R एक गोल-मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। P, O के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। Q, L के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। M और Q के बीच केवल O बैठा है। R, P का निकटतम पड़ोसी नहीं है। N के दाईं ओर से गिनने पर N और Q के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ 1. दो
✗ 2. चार
✗ 3. तीन
✓ 4. एक

Q.43 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

2005, 1805, 1625, 1463, 1317, ?

Ans
✗ 1. 1216
✓ 2. 1185
✗ 3. 1187
✗ 4. 1186

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.44 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से APPLE का संबंध YNNJC से है। उसी प्रकार, ORANGE का संबंध MPYLEC से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, GUAVA का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
1. FTZUZ
2. HVBWB
3. UGVAA
4. ESYTY

Q.45 V, A, L, U, E और S एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपरी तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। L सम क्रमांक वाले तल पर रहता है लेकिन तल क्रमांक 4 पर नहीं रहता है। L और V के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। U विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है लेकिन सबसे निचले तल पर नहीं रहता है। U और E के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। S, U के ठीक नीचे रहता है। A और S के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
1. दो
2. तीन
3. चार
4. एक

Q.46 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कोई नींबू, संतरा नहीं है।
कोई संतरा, अंगूर नहीं है।
कोई संतरा, मेंडारिन नहीं है।

निष्कर्ष:
(I): कोई नींबू, अंगूर नहीं है।
(II): कुछ मेंडारिन, अंगूर हैं।

Ans
1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.47 एक निश्चित कूट भाषा में, 'my little brother' को 'jk yu qw' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'brother and me' को 'wq jk uy' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'brother' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
1. jk
2. qw
3. uy
4. wq

Q.48 एक निश्चित कूट भाषा में, 'BEST' को '4781' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'BEDS' को '8157' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'D' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 8
2. 7
3. 1
4. 5

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.49 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. LRX
✗ 2. OUA
✓ 3. FLG
✗ 4. DJP

Q.50 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B, E के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। F और A का निकटतम पड़ोसी G है। C, A के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। F के बाएं से गिनने पर D और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ 1. पाँच
✗ 2. दो
✓ 3. चार
✗ 4. तीन

Q.51 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित में से किसका परिणामी 50 होगा?

Ans
✗ 1. 16 A 4 D 8 C 2 B 18
✗ 2. 16 C 4 D 8 A 2 D 18
✗ 3. 16 B 4 D 8 A 2 C 18
✓ 4. 16 B 4 C 8 A 2 D 18

Q.52 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

840 850 859 867 874 ?

Ans
✗ 1. 878
✗ 2. 879
✓ 3. 880
✗ 4. 881

Q.53 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)

(बाएं) 3 5 9 7 4 2 5 7 6 3 2 4 6 5 4 1 9 8 7 8 4 5 1 3 4 2 (दाएं)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद एक विषम अंक है?

Ans
✓ 1. तीन
✗ 2. दो
✗ 3. चार
✗ 4. एक

Q.54 एक निश्चित कूट भाषा में,
‘A = B’ का अर्थ है ‘A, B की बहन है’,
‘A $ B’ का अर्थ है ‘A, B का भाई है’,
‘A @ B’ का अर्थ है ‘A, B की पत्नी है’ और
‘A * B’ का अर्थ है ‘A, B का पिता है’।

यदि ‘W = P $ H @ F * D’ है तो W का D से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. माता की माता
✓ 2. माता की बहन
✗ 3. माता
✗ 4. बहन

www.prepp.in
Your Personal Exams Guide

Q.55 उस समुच्चय का चयन करें जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संक्रियाएं, संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लें - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना, केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)
36 - 7 - 5
2 - 1 - 1

Ans
- ✔ 1. 4 - 3 - 1
- ✘ 2. 5 - 3 - 2
- ✘ 3. 10 - 3 - 2
- ✘ 4. 6 - 3 - 2

Q.56 एक निश्चित कूट भाषा में, 'TXKF' को 'E#OP' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'KAFT' को 'O#RE' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✔ 1. R
- ✘ 2. #
- ✘ 3. E
- ✘ 4. O

Q.57 एक निश्चित कूट भाषा में,

'A # B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
'A ! B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A @ B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है' और
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'।

यदि 'R @ S ! T ÷ X # Y' है तो R का Y से क्या संबंध है?


Ans
- ✔ 1. माता की बहन
- ✘ 2. माता का भाई
- ✘ 3. माता का पुत्र
- ✘ 4. माता की माता

Q.58 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

TVO RTM PRK NPI ?

Ans
- ✔ 1. LNG
- ✘ 2. LMG
- ✘ 3. LNH
- ✘ 4. LMH

Q.59 दर्पण को नीचे दर्शाए अनुसार 'MN' पर रखे जाने पर दिए गए संयोजन के सही दर्पण प्रतिबिम्ब का चयन कीजिए।




Ans
- ✘ 1. 
- ✘ 2. 
- ✔ 3. 
- ✘ 4. 

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.60 दिए गए विकल्पों में से उस पद का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सकता है।

LO33 KN45 JM57 IL69 ?

Ans
1. HK81 ✔
2. HK82 ✘
3. HL81 ✘
4. HL82 ✘

Q.61 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी इंजन, बल्ले हैं।
सभी आम, बल्ले हैं।

निष्कर्ष:
(I) : कुछ आम, इंजन हैं।
(II) : सभी इंजन, आम हैं।

Ans
1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। ✘
2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। ✔
3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। ✘
4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। ✘

Q.62 रोहन बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 6 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 16 km ड्राइव करता है तथा फिर दाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करता है। वह पुनः दाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, 4 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
1. 7 km पूर्व की ओर ✔
2. 9 km उत्तर की ओर ✘
3. 7 km पश्चिम की ओर ✘
4. 9 km दक्षिण की ओर ✘

Q.63 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला को देखें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (सभी संख्याएँ केवल एकल-अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएं) 4 6 7 1 4 2 5 9 4 6 2 9 3 5 1 3 8 7 6 7 9 5 2 1 7 4 (दाएं)

ऐसे कितने सम अंक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद भी एक सम अंक है?

Ans
1. दो ✘
2. एक ✔
3. तीन ✘
4. चार ✘

Q.64 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

SIG : WMK
ING : MRK

Ans
1. GRC : KNG ✘
2. MDE : QAI ✘
3. SYM : WCI ✘
4. VHK : ZLO ✔


www.prepp.in

Your Personal Exams Guide


Q.65 ब्रिस्टी, अपनी कक्षा में शीर्ष से 12वें स्थान पर है और नीचे से 31वें स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?


Ans
- ✗ 1. 41
- ✗ 2. 43
- ✗ 3. 44
- ✓ 4. 42


Q.66 विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए, जिसे प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर रखने पर यह शृंखला तर्कसंगत रूप से पूरी हो जाएगी।





Ans

✗ 1.


✗ 2.


✗ 3.


✓ 4.


Your Personal Exam Guide

Q.67 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

EDX 26, HGS 15, ?, NMI -7, QPD -18

Ans
- ✗ 1. HKL 7
- ✗ 2. JLK 6
- ✓ 3. KJN 4
- ✗ 4. NJO 4

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.68 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कोई भी ततैया, छिपकली नहीं है।
सभी चींटियाँ, ततैया हैं।

निष्कर्ष:
(I) : कुछ ततैया, चींटियाँ हैं।
(II) : कोई भी छिपकली, चींटियाँ नहीं हैं।

Ans
✔ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✘ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✘ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✘ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.69 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

31 44 61 80 103 132 ?

Ans
✘ 1. 183
✘ 2. 196
✘ 3. 169
✔ 4. 163

Q.70 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
2, 3, 6, 11, ?, 27

Ans
✔ 1. 18
✘ 2. 21
✘ 3. 19
✘ 4. 20

Section : **General Awareness**

Q.71 अक्टूबर 2024 तक की स्थिति के अनुसार AI मॉडल 'सर्वम-1' अंग्रेजी के अलावा कितनी भारतीय भाषाओं को सपोर्ट करता है?

Ans
✘ 1. 5
✘ 2. 8
✘ 3. 13
✔ 4. 10

Q.72 लोकसभा चुनाव में वोट देने के लिए कौन लोग पात्र होते हैं?

Ans
✔ 1. 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिक जो संविधान या किसी कानून के तहत अयोग्य नहीं हैं
✘ 2. केवल सरकारी नौकरी वाले नागरिक
✘ 3. केवल 21 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिक
✘ 4. आयकर का भुगतान करने वाले नागरिक

Q.73 साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवार्ड्स (SIIMA) 2023 में, 777 चार्ली ने किस भाषा की फिल्म श्रेणी में पुरस्कार जीता?

Ans
✔ 1. कन्नड़
✘ 2. तमिल
✘ 3. मलयालम
✘ 4. तेलुगू

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.74 1991 के बाद भारत के वैश्वीकरण का मुख्य लाभ निम्नलिखित में से कौन-सा था?

Ans
- ✔ 1. विदेशी बाजारों तक पहुँच में वृद्धि
- ✘ 2. विदेशी निवेश में कमी
- ✘ 3. वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं से अलगाव
- ✘ 4. विदेशी व्यापार में कमी

Q.75 थार मरुस्थल भारत के किस पड़ोसी देश तक फैला हुआ है?

Ans
- ✘ 1. भूटान
- ✔ 2. पाकिस्तान
- ✘ 3. बांग्लादेश
- ✘ 4. नेपाल

Q.76 1950 और 1960 के दशक के दौरान किस आर्थिक मॉडल ने भारत की पंचवर्षीय योजनाओं के दृष्टिकोण को निर्देशित किया?

Ans
- ✘ 1. नेहरूवादी मॉडल (Nehruvian Model)
- ✘ 2. केनेसियन मॉडल (Keynesian Model)
- ✔ 3. महालनोबिस मॉडल (Mahalanobis Model)
- ✘ 4. गांधीवादी मॉडल (Gandhian Model)

Q.77 2024 में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने किस महीने में अपने परिचालन के 90वें वर्ष में प्रवेश किया?

Ans
- ✘ 1. जून
- ✘ 2. फरवरी
- ✘ 3. अगस्त
- ✔ 4. अप्रैल

Q.78 रूस में आयोजित 16वें शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रिक्स देशों द्वारा किस मानवीय मुद्दे की निंदा की गई?

Ans
- ✘ 1. यूरोप में शरणार्थी संकट
- ✔ 2. मिडिल ईस्ट में संकट
- ✘ 3. अफ्रीका में गरीबी
- ✘ 4. अमेज़न में वनों की कटाई

Q.79 शानन पावर प्रोजेक्ट (Shanan power project) निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में स्थित है?

Ans
- ✘ 1. पंजाब
- ✔ 2. हिमाचल प्रदेश
- ✘ 3. उत्तराखंड
- ✘ 4. हरियाणा

Q.80 7 जून, 2024 को संपन्न हुए नॉर्वे शतरंज सुपर-टूर्नामेंट के 12वें संस्करण में अपना छठा नॉर्वे शतरंज खिताब निम्नलिखित में से किसने जीता था?

Ans
- ✘ 1. गुकेश डी (Gukesh D)
- ✘ 2. *फैबियानो कारूआना* (Fabiano Caruana)
- ✔ 3. *मैग्नस कार्लसन* (Magnus Carlsen)
- ✘ 4. *डिंग लिरेन* (Ding Liren)

Q.81 फर्रुखाबाद शहर में, 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किसने किया?

Ans
- ✔ 1. तफ़ज़्ज़ुल हुसैन खान
- ✘ 2. खान बहादुर खान
- ✘ 3. मोहम्मद खान
- ✘ 4. अब्दुल अली खान

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.82 वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए, भारत में औसत मासिक GST संग्रह कितना था?

Ans
- ✗ 1. ₹2.5 लाख करोड़
- ✓ 2. ₹1.68 लाख करोड़
- ✗ 3. ₹2 लाख करोड़
- ✗ 4. ₹1.5 लाख करोड़

Q.83 केंद्रीय बजट 2024 के अनुसार, नई कर नीति के तहत 5% कर दर के लिए संशोधित कर स्लैब सीमा कितनी है?

Ans
- ✓ 1. ₹7 लाख
- ✗ 2. ₹10 लाख
- ✗ 3. ₹2.5 लाख
- ✗ 4. ₹5 लाख

Q.84 अक्टूबर 2024 में जारी NABARD अखिल भारतीय ग्रामीण वित्तीय समावेशन सर्वेक्षण (NAFIS) 2021-22 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में ग्रामीण परिवारों की औसत मासिक आय कितनी थी?

Ans
- ✗ 1. ₹14,000
- ✓ 2. ₹12,698
- ✗ 3. ₹11,059
- ✗ 4. ₹10,500

Q.85 निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए।
हड़प्पा स्थल वर्तमान राज्य
A. लोथल (Lothal) I. हरियाणा
B. कालीबंगा (Kalibagan) II. गुजरात
C. दैमाबाद (Daimabad) III. राजस्थान
D. बिरहाना (Birhan) IV. महाराष्ट्र

Ans
- ✗ 1. A-I; B-II; C-III; D-IV
- ✓ 2. A-II; B-III; C-IV; D-I
- ✗ 3. A-IV; B-I; C-III; D-II
- ✗ 4. A-III; B-IV; C-II; D-I

Q.86 परिवार न्यायालय अधिनियम, 1984 के अंतर्गत परिवार न्यायालय के निर्णयों के विरुद्ध अपील किस न्यायालय में की जा सकती है?

Ans
- ✗ 1. भारत का सर्वोच्च न्यायालय
- ✗ 2. जिला न्यायालय
- ✗ 3. परिवार न्यायालय न्यायाधिकरण
- ✓ 4. उच्च न्यायालय

Q.87 42वें संशोधन द्वारा जोड़ा गया भारतीय संविधान का कौन-सा भाग न्यायाधिकरणों से संबंधित है?

Ans
- ✓ 1. भाग XIV-A
- ✗ 2. भाग IXB
- ✗ 3. भाग X-A
- ✗ 4. भाग XVI

Q.88 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प चुंबकीय क्षेत्र में आवेशित कण की साइक्लोट्रॉन आवृत्ति का सटीक वर्णन करता है?

Ans
- ✗ 1. वह आवृत्ति जिस पर आवेशित कण अन्य कणों के साथ संघट्टन का अनुभव करता है
- ✓ 2. वह आवृत्ति जिस पर आवेशित कण स्वयं पर कार्यरत लोरेन्ट्स बल के कारण चुंबकीय क्षेत्र में वृत्तीय गति से गुजरता है
- ✗ 3. वह आवृत्ति जिस पर आवेशित कण विद्युत चुंबकीय विकिरण उत्सर्जित करता है
- ✗ 4. वह आवृत्ति जिस पर आवेशित कण अपने केंद्र से गुजरने वाले अक्ष के चारों ओर घूर्णन करता है

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.89 हरित क्रांति का किन दो भारतीय राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों पर महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक प्रभाव पड़ा?

Ans
✔ 1. पंजाब और हरियाणा
✘ 2. महाराष्ट्र और गुजरात
✘ 3. बिहार और उत्तर प्रदेश
✘ 4. तमिलनाडु और केरल

Q.90 26 नवंबर 2024 तक की स्थिति के अनुसार, 1950 में पहली बार लागू होने के बाद से भारत के संविधान में कितने संवैधानिक संशोधन किए गए हैं?

Ans
✘ 1. 370
✔ 2. 106
✘ 3. 144
✘ 4. 101

Q.91 सरकार ने योजना आयोग के स्थान पर नीति आयोग नामक एक नई संस्था की स्थापना किस वर्ष की?

Ans
✔ 1. 2015
✘ 2. 2021
✘ 3. 2017
✘ 4. 2019

Q.92 तिलक का मानना था कि राजनीतिक अधिकार केवल ________________ से प्राप्त किए जा सकते हैं।

Ans
✘ 1. वार्तालाप (table talk)
✔ 2. साहसिक कार्रवाई (प्रबल दबाव)
✘ 3. अनुनय-विनय
✘ 4. कूटनीतिक परिचर्चाओं

Q.93 प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के विद्रोह के बाद अवध, अंग्रेजों के नियंत्रण में कब आया?

Ans
✘ 1. 1860
✘ 2. 1857
✔ 3. 1858
✘ 4. 1859

Q.94 विद्युत चुंबकीय तरंग के विद्युत और चुंबकीय क्षेत्र की दिशा के बीच _____ का कोण होता है।

Ans
✘ 1. 45°
✔ 2. 90°
✘ 3. 180°
✘ 4. 0°

Q.95 किस राज्य का पर्यटन तथा कला एवं संस्कृति विभाग, 'हॉर्नबिल महोत्सव' का आयोजन करता है?

Ans
✘ 1. मणिपुर
✔ 2. नागालैंड
✘ 3. सिक्किम
✘ 4. मिज़ोरम

Q.96 हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में मुख्यतः कितने शुद्ध स्वर (note) होते हैं?

Ans
✘ 1. 6
✔ 2. 7
✘ 3. 3
✘ 4. 11

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.97 जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) संशोधन विधेयक, 2024 के अंतर्गत, विधेयक में उल्लिखित प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों पर कितना जुर्माना लगाया जाएगा?

Ans
✗ 1. ₹50,000 से ₹15 लाख के बीच
✗ 2. ₹5,000 से ₹5 लाख के बीच
✓ 3. ₹10,000 से ₹15 लाख के बीच
✗ 4. ₹10,000 से ₹10 लाख के बीच

Q.98 मौर्य साम्राज्य के अंतिम शासक की हत्या किसके द्वारा की गई थी?

Ans
✗ 1. विष्णुगुप्त चन्द्रादित्य
✗ 2. अशोक
✗ 3. अवंति वर्मन
✓ 4. पुष्यमित्र शुंग

Q.99 सर्वोच्च न्यायालय के किस मामले ने भारत में न्यायिक नियुक्तियों के लिए 'कॉलेजियम प्रणाली' की स्थापना की?

Ans
✗ 1. एसआर बोम्मई बनाम भारत संघ
✓ 2. द सेकेंड जजेज केस (1993)
✗ 3. केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य
✗ 4. मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ

Q.100 भारत में निवेश हेतु विदेशी कंपनियों को आकर्षित करने के लिए कौन-सी नीति शुरू की गई थी?

Ans
✗ 1. समाजवादी नीति
✗ 2. आयात प्रतिस्थापन नीति
✗ 3. राष्ट्रीयकरण नीति
✓ 4. उदारीकरण नीति

Q.101 भारत में पांचवीं पंचवर्षीय योजना का लक्ष्य क्या था?

Ans
✗ 1. कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना
✓ 2. गरीबी उन्मूलन
✗ 3. रोजगार सृजन
✗ 4. औद्योगिक विकास

Q.102 भारत के पश्चिमी भाग में, अरब सागर के किनारे और गोवा के दक्षिण में स्थित तटीय क्षेत्र को क्या कहा जाता है?

Ans
✗ 1. सुंदरवन
✗ 2. कोंकण तट
✗ 3. कोरोमंडल तट
✓ 4. मालाबार तट

Q.103 भारत में किस फसल को 'सुनहरा रेशा' कहा जाता है?

Ans
✗ 1. कपास
✗ 2. रेशम
✓ 3. पटसन
✗ 4. गेहूँ

Q.104 एल-निनो (El-Nino), एक जलवायु पैटर्न, निम्नलिखित में से किसका विस्तार (extension) है?

Ans
✓ 1. उष्ण विषुवतीय धारा (Warm Equatorial Current)
✗ 2. उत्तर प्रशांत महासागरीय धारा (North Pacific Current)
✗ 3. विषुवतीय प्रतिधारा (Equatorial Counter Current)
✗ 4. पूर्वी आस्ट्रेलियाई धारा (East Australian Current)

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.105 ताशकंद में आयोजित एशियाई जिम्नास्टिक चैंपियनशिप 2024 में, स्वर्ण पदक जीतने के बाद किसी भी एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय जिम्नास्ट कौन बनीं?

Ans
✔ 1. दीपा कर्माकर
✘ 2. मेघना गुंडलापल्ली रेड्डी
✘ 3. प्रणति नायक
✘ 4. अरुणा रेड्डी

Q.106 भारतीय संविधान में निर्देशक सिद्धांतों (Directive Principles) की अवधारणा किस देश के संविधान से ली गई है?

Ans
✘ 1. यूएसए (USA)
✔ 2. आयरलैंड
✘ 3. यूके (UK)
✘ 4. कनाडा

Q.107 चारों वेदों को उनके ब्राह्मण ग्रंथों सहित __________ भी कहा जाता है।

Ans
✘ 1. उपवेद
✘ 2. वेदांग
✘ 3. पुराण
✔ 4. श्रुति

Q.108 1 अश्व शक्ति (hp) = _____ होता है।

Ans
✘ 1. $746 \times 10^{6}$ MW
✔ 2. $746 \times 10^{-6}$ MW
✘ 3. $746 \times 10^{-3}$ MW
✘ 4. 746 MW

Q.109 संगम पर हर 12 वर्ष में मनाया जाने वाला अगला कुंभ मेला, जिसे तीर्थराज या 'तीर्थों का राजा' भी कहा जाता है, 2025 में होने वाला है। 2025 का कुंभ मेला निम्नलिखित में से किस शहर में आयोजित किया जाएगा?

Ans
✘ 1. वाराणसी
✔ 2. प्रयागराज
✘ 3. उज्जैन
✘ 4. हरिद्वार

Q.110 मार्च 1930 में, महात्मा गांधी ने किसको पत्र भेजकर वर्णित किया था कि भारत में ब्रिटिश शासन को 'अभिशाप' क्यों माना जाता है?

Ans
✘ 1. लॉर्ड माउंटबेटन (Lord Mountbatten)
✔ 2. लॉर्ड इरविन (Lord Irwin)
✘ 3. लॉर्ड ऐडम (Lord Adam)
✘ 4. लॉर्ड वैलेस्ली (Lord Wellesley)

Q.111 1 मिलियन से अधिक जनसंख्या वाले क्षेत्र को _______ के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

Ans
✘ 1. जिला शहर
✔ 2. महानगरीय शहर
✘ 3. उपनगरीय क्षेत्र
✘ 4. मेगा सिटी

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.112 रेडियम तत्व की खोज निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक ने की थी?

Ans
✗ 1. विल्हेम रोएंटजेन (Wilhelm Roentgen)
✗ 2. दिमित्री मेंडेलीव (Dmitri Mendeleev)
✗ 3. जे. जे. थॉमसन (JJ Thomson)
✓ 4. मैरी क्यूरी (Marie Curie)

Q.113 वर्ष 2016 में, भारत सरकार ने UDAN क्षेत्रीय संपर्क योजना आरंभ की थी, यह ______ क्षेत्र से संबंधित है।

Ans
✗ 1. जल परिवहन
✗ 2. सड़क परिवहन
✗ 3. रेल परिवहन
✓ 4. नागरिक उड्डयन

Q.114 अंडमान समूह का सबसे उत्तरी द्वीप ____________ है।

Ans
✗ 1. नील द्वीप
✗ 2. लिटिल अंडमान द्वीप
✗ 3. दक्षिण अंडमान द्वीप
✓ 4. लैंडफॉल द्वीप

Q.115 निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली की उत्पत्ति असम से हुई?

Ans
✗ 1. कथक
✗ 2. कथकली
✓ 3. सत्रिया
✗ 4. कुचिपुड़ी

Q.116 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प भारतीय संविधान की दसवीं अनुसूची में उल्लिखित दलबदल के आधार पर किसी राजनीतिक दल के सदस्यों को अयोग्य ठहराने का प्रावधान नहीं है?

Ans
✗ 1. यदि कोई मनोनीत सदस्य अपनी सदस्यता के 6 माह बाद किसी अन्य पार्टी में शामिल हो जाता है
✗ 2. यदि कोई सदस्य अपनी पार्टी के विरुद्ध वोट देता है
✗ 3. यदि कोई निर्वाचित सदस्य चुनाव के बाद किसी अन्य पार्टी में शामिल हो जाता है
✓ 4. यदि एक पार्टी का किसी अन्य पार्टी में विलय हो जाता है

Q.117 मतदान करने का अधिकार, ____________ है।

Ans
✗ 1. न तो मौलिक अधिकार और न ही कानूनी अधिकार
✗ 2. एक मौलिक कर्तव्य
✗ 3. एक मौलिक अधिकार
✓ 4. एक कानूनी अधिकार

Q.118 प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर 2024 में, मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए तैयार निम्नलिखित में से किस हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग (High-Performance Computing - HPC) सिस्टम का उद्घाटन किया?

Ans
✗ 1. त्रिनेत्र (Trinetra) और अर्क (Arka)
✓ 2. अर्क (Arka) और अरुणिका (Arunika)
✗ 3. चंद्र (Chandra) और त्रिनेत्र (Trinetra)
✗ 4. परम सेवा (PARAM Seva) और त्रिनेत्र (Trinetra)

Q.119 22 जुलाई को संसद में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार, बाजार पूंजीकरण के जीडीपी से अनुपात में भारत अब वैश्विक स्तर पर किस स्थान पर है?

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans
- ✗ 1. तीसरा
- ✓ 2. पाँचवां
- ✗ 3. ग्यारहवां
- ✗ 4. सातवां

Q.120 मानव शरीर में यकृत किस अंग तंत्र से संबंधित है?

Ans
- ✗ 1. तंत्रिका तंत्र
- ✓ 2. पाचन तंत्र
- ✗ 3. श्वसन तंत्र
- ✗ 4. परिसंचरण तंत्र

Prepp Your Personal Exam Guide